# भगवान महावीर के विचार आज भी प्रासंगिक : मुख्यमंत्री

- सीएम यादव ने महावीर जयंती व्याख्यान में की सहभागिता
- चार वरिष्ठ समाजसेवियों को दिया महावीर अलंकरण



**इंदौर. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर संसार को सत्य, अहिंसा, असंचय, अपरिग्रह, त्याग और तपस्या का शाश्वत संदेश देने वाले करुणा के महासागर थे. भगवान महावीर ऐसे तीर्थंकर हैं, जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है. ऐसे भगवान की जयंती हमें वर्षभर मनाना चाहिए. आज से करीब ढ़ाई हजार साल पहले भगवान महावीर स्वामी ने जो कहा था, वह आज की वैश्विक परिस्थितियों में भी प्रासंगिक है.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर की स्कीम नं.-78 स्थित श्री मदन मोहन मेहता ऑडिटोरियम में महावीर जयंती व्याख्यान एवं महावीर अलंकरण/सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन दर्शन की विशेषता है कि वह दूसरों को दबाने या डराने की बजाय, जिनेन्द्रियों पर अर्थात् स्वयं पर विजय प्राप्त करता है. भगवान महावीर स्वामी ने भी स्वयं की इन्द्रियों को जीता है, इसलिये वे जिन महावीर कहलाये।

आज पूरी दुनिया उनको पूजती है, उनके विचारों को मानती है. मुख्यमंत्री ने भगवान महावीर के चरणों में वंदन कर प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि हर काल में राष्ट्र निर्माण में जैन समाज का अप्रतिम योगदान रहा है. आज ऐसे समाजसेवियों को सम्मानित करना हम सबके लिए सौभाग्य का अवसर है, जिन्होंने भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपने आचरण और व्यक्तित्व में उतारा. कार्यक्रम को शिक्षाविद् स्वप्निल कोठारी एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश चेलावत ने भी संबोधित किया.

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, मनोज पटेल, गोलू शुक्ला एवं संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित जैन समाज के संतगण, दोनों ही फेडरेशन्स के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

**चार वरिष्ठ समाजसेवियों को किया सम्मानित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान जिन् महावीर पर दिखाए सत्यमार्ग पर चलने वाले 4 वरिष्ठ समाजसेवियों चंदनमल चौरड़िया, हंसराज जैन, हंसमुख गांधी एवं संतोष कुमार जैन को महावीर अलंकरण प्रदान किया. मुख्यमंत्री ने सम्मानित समाजसेवियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सबने भगवान महावीर के सिद्धांतों को सच्चे अर्थों में जीवन में आत्मसात किया है. आपका आचरण और यह उपलब्धि दूसरों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देगी.

## निर्माणाधीन मकान में हादसा, महिला मजदूर की गिरने से मौत

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान एक महिला की गिरने से मौत हो गई. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि निपानिया कांकड़ में रहने वाली 32 वर्षीय लाड़की पति कन्हैयालाल पिछले दिनों धनलक्ष्मी नगर स्थित प्लॉट नंबर 78 के निर्माणाधीन मकान में सफाई कार्य कर रही थी. इसी दौरान बिना रेलिंग वाली टाइल्स युक्त सीढ़ी और पास की खुली डक्ट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण वह दूसरी मंजिल से फिसलकर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गिर गई. गिरने से महिला के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. परिजन उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मामले में पुलिस ने लापरवाही को लेकर संबंधित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## 15 हजार रुपए देकर महिला ने लगवाई थी कार में आग

**इंदौर.** विजयनगर क्षेत्र में कार में आग लगाने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है. विजय नगर में रहने वाले 34 वर्षीय फरियादी कपिल चौहान की वेगनआर कार नम्बर एमपी 09 डब्ल्यूई 6887 में 16 मार्च की रात आग लगा दी गई थी.

विजयनगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. विशेष टीम ने करीब 350 सीसीटीवी कैमरों की जांच, साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान की. शनिवार को अजय चौहान को निरंजनपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के दौरान आरोपी भागने के प्रयास में गिर गया, जिससे उसे चोट लग गई. उसका उपचार कराया गया. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह कृत्य मनीषा अग्रवाल के कहने पर किया था. महिला ने उसे 15 हजार देकर यह काम करवाया था. साजिश



का कारण फरियादी के छोटे भाई की बेटी की शादी न होने पर बदला लेना बताया गया. जांच में यह भी सामने आया कि महिला पहले फरियादी पक्ष की मोटरसाइकिल चोरी करवाने में शामिल रही थी. आरोपी के मोबाइल की फॉरेंसिक जांच में महिला से हुई व्हाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्ड मिले, जिससे साजिश की पुष्टि हुई. दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. मामले की अन्य पहलुओं की जांच जारी है.

### एक नजर में

## मानपुर सीएचसी में नवजातों के लिए फोटोथैरेपी मशीन शुरू




**मानपुर.** क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है. सीएचसी मानपुर अस्पताल में अब नवजात शिशुओं के उपचार के लिए फोटोथैरेपी मशीन की सुविधा उपलब्ध हो गई है. यह महत्वपूर्ण उपलब्धि नवनियुक्त क्लास वन शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राम आशीष शुक्ला के विशेष प्रयासों से संभव हो पाई है. अब तक नवजात बच्चों को पीलिया (जॉन्डिस) जैसी समस्याओं के उपचार के लिए इंदौर या अन्य बड़े अस्पतालों ले जाना पड़ता था, जिससे परिजनों को आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था. लेकिन, अब इस नई सुविधा के शुरू होने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिल सकेगा. डॉ. राम आशीष शुक्ला ने बताया कि इस मशीन के माध्यम से नवजात शिशुओं का प्रभावी उपचार संभव हो सकेगा, जिससे समय पर इलाज मिलने से बच्चों की सेहत में तेजी से सुधार होगा. साथ ही, मरीजों के परिजनों को 10 से 20 हजार रुपये तक की आर्थिक बचत भी होगी. स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल के लिए डॉ. शुक्ला की सराहना की है और इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है.

## आज महावीर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी, निकलेगी रथयात्रा

**महू.** दिगम्बर जैन समाज द्वारा सोमवार को महावीर जयंती मनाई जाएगी. इस दौरान नगर में सुबह रथयात्रा निकाली जाएगी. मंदिरों में विशेष पूजन व कलशाभिषेक होंगे. शहर के चारों प्रमुख जैन मंदिर बड़े मंदिरजी, अजमेरी मंदिरजी, तेरापंथी मंदिरजी, चैत्यालय मंदिरजी में सुबह कलशाभिषेक व पूजन होगा. इसके बाद सुबह 8.15 बजे सांघी स्ट्रीट चौराहा से रथ यात्रा निकाली जाएगी. इसमें रजत जड़ित रथ में सवार होकर भगवान नगर भ्रमण करेंगे. रथयात्रा सांघी स्ट्रीट से गर्ल्स स्कूल चौराहा, हरी फाटक, मोती चौक, फूल चौक, माणक चौक, ड्रीमलैंड चौराहा, मैन स्ट्रीट, कोतवाली चौक होते हुए पुन: सांघी चौक पहुंचकर समाप्त होगी. रथयात्रा में महिलाएं व पुरुष वर्ग एक जैसे ड्रेस कोड में शामिल होंगे. रथयात्रा के समापन पर बड़े मंदिरजी में कलशाभिषेक होंगे. वहीं रथयात्रा के पूर्व अहिंसा चौक पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा.

## संपत्ति विवाद ने लिया हिंसक रूप, बुजुर्ग को हथौड़े से मारा

**इंदौर.** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि रूपरामनगर कॉलोनी में रहने वाले 78 वर्षीय सुरेश कुमार दात्रे ने शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार दोपहर करीब 12.45 बजे उनके रिश्तेदार वैभव दुबे, महेन्द्र दुबे और नरेन्द्र दुबे जबरदस्ती घर के मुख्य गेट पर चढ़कर अंदर घुस आए और दरवाजे का ताला तोड़ने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी. आरोप है कि विवाद के दौरान महेन्द्र और वैभव ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया, जिसके बाद वैभव ने हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे बुजुर्ग के दोनों हाथों में चोट आई. आरोपियों ने मकान में हिस्सेदारी का दावा करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी. पीड़ित के अनुसार उसका आरोपियों से पुराना संपत्ति विवाद चल रहा है, जिसके चलते वे जबरन कब्जा करने की नीयत से घर में घुसे थे. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## कार से ले जा रहा था अवैध शराब, गिरफ्तार

- कार और 8 पेटी देशी व 3 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

**इंदौर. लसुड़िया पुलिस ने अवैध शराब ले जाते एक कार चालक को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 108 लीटर अवैध शराब पकड़ी है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.**

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध शराब कार में ले जाकर कैलोद हाला क्षेत्र में किसी को देने वाला है. सूचना पर विश्वास कर हमराही फोर्स के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और कार को घेराबंदी कर रोका. कार चालक ने अपना नाम शुभम पिता मेहरबान सिंह चौधरी बताया. तलाशी के दौरान कार में 8 पेटी देशी शराब और 3 पेटी अंग्रेजी बियर के 108 लीटर शराब के बॉक्स पाए गए. आरोपी ने शराब के लिए कोई लाइसेंस या परमिट न होने की बात स्वीकार की.




पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से शराब के स्रोत के संबंध में भी कड़ी पूछताछ की जा रही है.

## खुलासा : घर पर बनाते थे पिस्टल और मैग्जीन

- अवैध हथियार मामले की जांच में आया सामने

**इंदौर. शहर और देहात से पकड़े गए तीन सिकलीगरों के मामले में पुलिस ने जांच के परिणाम सामने रखे हैं. बताया गया कि अपराधियों के घर पर पिस्टल और मैग्जीन बनाने के औजार भी बरामद किए हैं, जिनसे आरोपी घर पर ही अवैध हथियार बनाते थे.**

ज्ञात हो कि पहले गिरफ्तार किए गए राजू पिता ज्ञानसिंह छाबड़ा, भगतसिंह टांगी, कार्तिक और शिवम तोमर के पास से 10 देसी पिस्टल, 13 मैग्जीन और 6 कारतूस बरामद हुए थे. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बोरिया गांव में अपने घर पर औजारों की मदद से हथियार और मैग्जीन बनाते थे. पुलिस ने बताया कि इस नेटवर्क के जरिए हथियार ग्वालियर और हरियाणा के गैंगस्टरों को सप्लाई किए जाते थे. शिवम और अन्य सिकलीगरों के खिलाफ पहले से ही ग्वालियर और हरियाणा में अवैध हथियार तस्करी के मामले दर्ज हैं.

मामले में पुलिस ने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले द्वारकापुरी पुलिस ने राजवीरसिंह सिकलीगर को गिरफ्तार किया था, जिसके पास से 6 देसी पिस्टल और 4 कारतूस बरामद हुए थे. आरोपियों ने इंस्टाग्राम के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर ऑनलाइन पेमेंट के बाद हथियार डिलीवर करने की बात स्वीकार की. इंदौर अब अवैध हथियारों का क्रॉसिंग सेंटर बन गया है. शहर और देहात से हथियार रेलवे के माध्यम से अन्य राज्यों तक पहुंचाए जाते हैं, लेकिन लगातार कार्रवाई के चलते कई बार बड़ी संख्या में पिस्टल बरामद की जा चुकी हैं.

## हीरा नगर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर.** हीरा नगर थाना क्षेत्र के शारदा नगर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि मृतक की पहचान 28 वर्षीय कृष्णकांत पिता रविशंकर के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा. प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## सड़क हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**इंदौर.** बेटमा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल एक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी मीना करणावत ने बताया कि 50 वर्षीय बहादुर पिता देवा निवासी बेटमा कुछ दिन पहले घर से बीड़ी लेने निकला था. इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है.






### एक नजर में

**वार्ड 54 के इंदिरा एकता नगर में सीवरेज लाइन के लिए खोदी सड़क पांच माह बाद भी अधूरी, लोगों में आक्रोश**

## अधूरी सड़क पर बने गड्ढे और बिखरी गिट्टी से रहवासी परेशान



**इंदौर.** नगर निगम की लापरवाही फिर सामने आई है. वार्ड 54 अंतर्गत आने वाले इंदिरा एकता नगर में सीवरेज लाइन के लिए सडक़ खोदी गई, लेकिन काम के बाद दोबारा नहीं बनाई गई. अधूरी और जर्जर सडक़ से लोगों को रोज धूल और गड्ढों के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिससे रहवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है.

नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही का यह मामला पूर्वी रिंग रोड स्थित मूसाखेड़ी क्षेत्र में सामने आया है. यूं तो इस क्षेत्र में 3 वार्ड आते हैं. इनमें से वार्ड क्रमांक 54 के इंदिरा एकता नगर में निगम की गंभीर लापरवाही सामने आई है. रहवासियों के अनुसार पांच माह पूर्व क्षेत्र की सडक़ को उखाडक़र सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया गया. उस दौरान जिम्मेदारों द्वारा बताया गया था कि एक महीने में सीवरेज कार्य पूर्ण होने पर दोबारा सडक़ का निर्माण किया जाएगा. सीवरेज कार्य पूरा होने के पश्चात गढ़ों में गिट्टी पत्थर डालकर अधूरा कार्य छोड़ दिया गया और अब तक सडक़ को दोबारा नहीं बनाया गया. इस अधूरे कार्य के कारण क्षेत्रवासी कई तरह की दुश्वारियां झेलने को मजबूर हैं.

सडक़ पर बड़े-छोटे गड्ढे और बिखरी पड़ी गिट्टी से दुर्घटनाएं हो रही हैं. आत-जाते वाहनों के कारण गिट्टी उडक़र लोगों को चोटे पहुंचा रही है. एक दिन छोडक़र जब नर्मदा नल का पानी क्षेत्र में पहुंचता है, तब पूरी सडक़ कीचड़ और पानी से लबालब भर जाती है, जिससे लोगों की और भी परेशानियां बढ़ जाती हैं. इस अधूरे कार्य के कारण जो दुश्वारियां हो रही हैं, उससे लोगों में काफी आक्रोश है. रहवासी नगर निगम से अधूरे कार्य को पूरा करने की मांग कर रहे हैं.

### यह बोले रहवासी...



गड्ढे और गिट्टी के कारण थोड़ा पानी गिरते ही कीचड़ हो जाता है. यहां सीवरेज का काम 5 माह पूर्व शुरू किया था और कहा था एक महीने कंप्लीट हो जाएगा फिर रोड बना देंगे, लेकिन अब तक नहीं बनाया.

**- संतोष सोलंकी**



जर्जर सडक़ पर बच्चे और वाहन चालक गिरते रहते हैं. गाडिय़ों से पत्थर उचटकर लोगों को चोट पहुंचाते हैं. सीवरेज लाइन के लिए धन्यवाद, पर अब निगम अधिकारियों से निवेदन है कि जल्दी से सडक़ निर्माण कर दें.

**- दुर्गेश रावत**



जर्जर सडक़ से हो रही समस्याओं से क्षेत्रवासी परेशान हैं. इसको लेकर पार्षद से बात भी की, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि आठ-दस दिन में सडक़ का कार्य शुरू किया जाएगा, अब देखते हैं, कब शुरू होता है.

**- गिरवर सिंह रावत**

### सड़क निर्माण जल्दी करा दिया जाएगा



अगले महीने 10 तारीख तक टेंडर खुलने की संभावना है, जिसमें बजट भी तय किया जाएगा, उसके बाद ठेकेदार को वर्क आर्डर दिया जाएगा. जल्दी क्षेत्र की सडक़ निर्माण कार्य शुरू कर देंगे.

**- महेश बसवाल, पार्षद**